लेखों का ऑडिट किया जा रहा है। अनन्तिम लेखे-जोखों के आधार पर, 1976-77 के दौरान लक्ष्मी विलास पैलेस होटल, उदयपुर को लगभग 0.88 लाख रुपये का घाटा हुआ है।

(ख) जी, नहीं, फिलहाल कोई नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

जे० के० इंडस्ट्रीज कांकरोली द्वारा मशीनरी का आयात

6449. **श्री भानु कुमार शास्त्री :** क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि जे० के० इंडस्ट्रीज, कांकरोली (राजस्थान) के प्रबंधकों ने अपनी उदयपुर टायर्स फैक्टरी के लिए संयुक्त राज्य अमरीका की मैसर्स जनरल टायर्स कंपनी से कितने मूल्य की मशीन का आयात किया?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री (श्री मोहन धारिया) : मैसर्स जे० के० इंडस्ट्रीज लि० को वर्ष 1974 और 1977 में सं० राज्य अमरीका, हालैंड, फ्रांस, इटली, ब्रिटेन, पश्चिम जर्मनी और जापान से 7,64,63,142 रुपये मूल्य की मशीनरी का आयात करने के लिए कांकरोली, उदयपुर (राजस्थान) स्थित उनके टायर यूनिट के पक्ष में 6 आयात लाइसेंस जारी किये गये हैं।

इसमें से मैसर्स जनरल टायर इंटरनेशनल इंक, संयुक्त राज्य अमरीका से आयात के लिए स्वीकृत मशीनरी का मूल्य 1,43,73,076 रुपये है। इस कंपनी से वास्तविक आयातों के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं है।

चीनी का निर्यात

6440. **श्री मही लाल :** क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि राज्य व्यापार निगम के माध्यम से 1975-76 के दौरान कितनी चीनी निर्यात की गई तथा किन देशों ने इसका आयात किया?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री (श्री मोहन धारिया) : 1975-76 के दौरान भारतीय राज्य व्यापार निगम द्वारा 11.8735 लाख मे० टन चीनी का निर्यात किया गया था। देशवार निर्यात निम्नोक्त प्रकार थे —

देश	1975-76 (मात्रा लाख मे० टन में)
सं० रा० अमरीका	2.42
ब्रिटेन	0.63
इंडोनेशिया	1.09
मिस्र	1.80
सूडान	0.58
जोर्डन	0.20
ईरान	3.33
अदन/मुकाल्ला	0.12
इराक	0.09
यमन	0.33
श्रीलंका	0.10
माल्डीव्ज	0.0035
अफगानिस्तान	0.21
रूमानिया	0.46
पुर्तगाल	0.12
नेपाल	0.06
ट्यूनिसिया	0.11
तंजानिया	0.11
सोमालिया	0.11
	11.8735